# कार्यालय :– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

**BLOCK-A, VAN BHAWAN, PURULIA ROAD, CHAS, BOKARO-827013**

*E-mail : dfo-bokaro@gov.in & bokarodfo@gmail.com* *Phone/Fax No : +91-6542-265142*


पत्रांक :– 88 दिनांक :– 07/01/2023

सेवा में,

परियोजना पदाधिकारी,
सी0सी0एल0, सेलेक्टेड ढोरी, ओ0सी0पी0,
पो0–फुसरो बजार, पिन–829144, जिला–बोकारो,
ईमेल– projectofficer.sdocm@gmail.com

**विषय :–** **सी0सी0एल0 सेलेक्टेड ढोरी, ओ0सी0पी0 143.05 हे0 अपयोजित वनभूमि का नवीनीकरण प्रस्ताव के संबंध में।**

**प्रसंग :–** आपका पत्रांक–1271 दिनांक–01.09.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि विषयगत परियोजना का नवीनीकरण प्रस्ताव समर्पित किया गया है। प्रस्ताव के अवलोकनोपरान्त अनेक त्रुटियाँ पायी गई है, जो निम्नवत् है :–

1. Form-B Part-I के क्रम सं0–xiii का प्रपत्र निम्नवत् है, जिसमें प्रविष्टी शून्य किया गया है, जो त्रुटिपूर्ण है। पूर्ण प्रविष्टी अपेक्षित है।

| List of proposal submitted in Past | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. no. | Proposal Status | Proposal No. | Moef File No. | Area Proposed (for Diversion (Ha.) | Area Diverted (Ha.) | Date of In-Principle Approval | Date of Final Approval |
| Nil | | | | | | | |

2. Form-B Part-I के A-5 एवं A-6 में उल्लेखित राशि कुल–2,55,24,675/–रू0 विभिन्न मदों में जमा करने का उल्लेख किया गया है। जबकि आपके पत्रांक–1496 दिनांक–24.09.2022 द्वारा समर्पित Stage-II के अनुपालन प्रतिवेदन में विभिन्न मदों में कुल जमा राशि–2,41,53,757/–रू0 का उल्लेख किया गया है। इससे स्पष्ट है कि प्रस्ताव में उल्लेखित राशि त्रुटिपूर्ण है।
3. Form-B Part-I के B-2.3 में Village wise breakup (Turio-74.79 ha, Tarmi-21.65 ha, Makoli-46.61 ha) का उल्लेख किया गया है, जो कुल–143.05 हे0 है तथा C-II (a) में KML File में तीन Patch का उल्लेख किया गया है, जिसमें Patch no.-1 में 68.78 हे0, Patch no.-2 में 73.86 हे0 एवं Patch no.-3 में 0.41 हे0 उल्लेखित है, जो B-2.3 में उल्लेखित तीनों मौजा (Village wise breakup) से भिन्न है।
4. Geo-reference Boundary Map में Village/plot wise breakup का उल्लेख नहीं है।
5. Land use plan map में Village/plot wise breakup का उल्लेख नहीं है।
6. पृष्ठ सं0–70, 71 एवं 72 अपठनीय है।
7. पृष्ठ सं0–75 Summary of total payment में कुल राशि–2,55,52,885.47 रू0 का उल्लेख किया गया है। जबकि आपके पत्रांक–1496 दिनांक–24.09.2022 द्वारा समर्पित Stage-II के अनुपालन में विभिन्न मदों में कुल जमा राशि–2,41,53,757/–रू0 का उल्लेख किया गया है, जो दोनों में भिन्नता है। पृष्ठ सं0–75 का संशोधन अपेक्षित है।

(क्र० पृ०उ०)

8. पृष्ठ सं0–94, 95, 97, 104, 108, 129, 131, 133, 135 इत्यादि अपठनीय है।
9. पृष्ठ सं0–224, 225 के CA Levies प्रपत्र में कुल–2,55,24,675/–रू0 का उल्लेख किया गया है। जबकि आपके पत्रांक–1496 दिनांक–24.09.2022 द्वारा समर्पित Stage-II के अनुपालन में संलग्न CA Levies विभिन्न मदों में कुल जमा राशि–2,41,53,757/–रू0 का उल्लेख किया गया है। विदित हो कि आपके द्वारा समर्पित विभिन्न मदों में कुल जमा राशि–2,41,53,757/–रू0 का CA Levies इस कार्यालय के पत्रांक–1577 दिनांक–18.06.2021 द्वारा मुख्य वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो को भेजा गया है। अतः पृष्ठ सं0–224, 225 में सुधार अपेक्षित है।
10. मौजा–मकोली, तुरियो(चादर नं0–1 एवं 2), तारमी (चादर नं0–1) के Village Map में अपयोजित वनभूमि का प्लॉटवार रकवा का उल्लेख नहीं है।
11. तीनों मौजा का Geo-reference map संलग्न नहीं किया गया है।
12. पृष्ठ सं0–239 के क्रम सं0–1 में रकवा का उल्लेख नहीं है।
13. Form-B Part-I के क्रम सं0–B-2.3 एवं पृष्ठ सं0–250 के Patch wise breakup में अंतर है। इस प्रकार उपरोक्त क्रम सं0–3 में उल्लेखित है।
14. पृष्ठ सं0–250 में 143.05 हे0 रकवा को अधिसूचित वनभूमि दर्शाया गया है तथा पृष्ठ सं0–242 एवं 243 में उक्त वनभूमि का किस्म गैर–मजरूआ खास का उल्लेख किया गया है।
15. Index में कुल–4 DVD का उल्लेख किया गया है, परन्तु प्रस्ताव के साथ एक DVD संलग्न है।
16. CA Land एवं NPV की वचनबद्धता संलग्न नहीं है।
17. Stage-I एवं II की प्रति संलग्न नहीं है।
18. प्रस्ताव के साथ संलग्न Stage-II का अनुपालन प्रतिवेदन में उल्लेखित विभिन्न मदों कुल जमा राशि–2,55,24,675/–रू0 का उल्लेख किया गया है। जबकि आपके पत्रांक–1496 दिनांक–24.09.2022 द्वारा समर्पित Stage-II के अनुपालन प्रतिवेदन में विभिन्न मदों में कुल जमा राशि–2,41,53,757/–रू0 का उल्लेख किया गया है। प्रस्ताव के साथ संलग्न Stage-II का अनुपालन प्रतिवेदन त्रुटिपूर्ण है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में प्रस्ताव की कुल–7 प्रति मूल रूप में इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस किया जा रहा है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं का अनुपालन करते हुए संशोधित प्रस्ताव समर्पित करना सुनिश्चित किया जाय।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

07/01/2022